# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007
(नैक द्वारा ए++ ग्रेड प्रत्यायित)


संदर्भ संख्या :................................................/सम्ब.अनु./2025

दिनांक :. ......................................................................

**समयबद्ध/रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत**

## कार्यालय–ज्ञाप

उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या : 1529/सत्तर–1–2025, दिनांक 05.09.2025 के परिप्रेक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि बी0एड0, एम0एड0, बी0पी0एड0, एम0पी0एड0 एवं बी0एल0एड0 पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय से प्रदत्त सहयुक्तता राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन0सी0टी0ई0) के अनुमोदनाधीन होती है अर्थात एन0सी0टी0ई0 की मान्यता प्रभावी होने पर ही इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश अनुमन्य होंगे।

अतः सत्र 2025–26 में बी0एड0, एम0एड0, बी0पी0एड0, एम0पी0एड0 एवं बी0एल0एड0 पाठ्यक्रमों में उपरोक्तानुसार प्रवेश प्रकिया सुनिश्चित की जाय और सहयुक्तता/एन0सी0टी0ई0 की मान्यता के बिना यदि प्रवेश लिया जाता है तो ऐसे विद्यार्थियों की परीक्षायें विश्वविद्यालय द्वारा कराया जाना विधिक रूप से सम्भव नहीं होगा और किसी प्रतिकूल परिस्थिति के लिए सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा तथा शासनादेश के आलोक में नियमानुसार सम्बन्धित महाविद्यालय के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्थित की जा सकती है।

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव

संख्या : AF-16605-08 दिनांक : 10/09/2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ।
3. ईचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, रायबरेली एवं हरदोई) को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी एवं हरदोई) को अनुपालनार्थ।
5. गार्ड फाईल।

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव